नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 189/2021
Dt- 19-6-2021

जिला पदाधिकारी
मधुबनी।

विषयः—**मधेपुर अंचल के भीठ भगवानपुर में आग लगने से मृत पशु (भैंस) के पशुपालकों की क्षतिपूर्ति अनुदान राशि दिलाने के संबंध मे।**

महाशय,

मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के अंचल मधेपुर के ग्राम भीठ भगवानपुर में दिनांक 2.3.2020 को आग लगने से ग्रामवासी श्री संतोष कुमार महतो एवं श्री रामदेव महतो की एक—एक पशु (भैंस) की झुलस जाने से मौत हो गयी।

पशुपालकों को आपदा के तहत क्षतिपूर्ति अनुदान की स्वीकृति हेतु अभिलेख अंचल अधिकारी मधेपुर द्वारा पत्रांक 1447 दिनांक 27.10.2020 के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर को प्रेषित की गयी।

अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर द्वारा दिनांक 14.12.2020 के हस्ताक्षरयुक्त आदेश में अभिलेख में संलग्न कागजात एवं अंचल निरीक्षक का जाँच प्रतिवेदन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी मधेपुर की अनुशंसा के आलोक में 30 हजार + 30 हजार = 60 हजार रूपये की स्वीकृति दी गयी है। उक्त आदेश के 6 माह बीत जाने के बाद भी पशुपालकों को अभी तक सरकार द्वारा प्रदत अनुदान राशि नहीं मिल पाया है।

अतः अनुरोध है कि पीड़ित पशुपालकों को अनुग्रह अनुदान राशि शीघ्र दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 19.6.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in